कला उत्सव

राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान के विशेष विद्यालय के 25 छात्रों ने 24 सितंबर 2022 को गवर्नमेंट म्यूजियम एंड आर्ट गैलरी, सेक्टर 10 चंडीगढ़ में आयोजित द आर्ट फेस्टिवल फॉर इंक्लूजन "बिखम" में भाग लिया। ग्रीड के छात्रों ने आर्ट गैलरी के छात्रों के द्वारा बनाई गई विभिन्न तकनीकों और स्टैंसिल का उपयोग करते हुए पेंटिंग गतिविधि में सक्रिय रूप से भाग लिया। वहां विद्यार्थियों ने नृत्य एवं स्वल्पाहार का लुफ्त भी उठाया। शिक्षिका सुश्री आशिमा शर्मा और स्पोर्ट्स कोच सुश्री शीतल नेगी ने कार्यक्रम का समन्वयन किया।